भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2795

दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

## ई–कॉमर्स निर्यात

2795: श्री सुधीर गुप्ताः
श्री प्रतापराव जाधवः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) देश से ई–वाणिज्य निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिलों को 'एक्सपोर्ट हब' के रुप में इस्तेमाल करने के लिए विभिन्न ई–कॉमर्स कंपनियों के साथ सहयोग कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 'डिस्ट्रिक्टस ऐज एक्सपोर्ट हब' स्थापित करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में निजी कंपनियों के साथ किसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार ने समझौता ज्ञापन के अंतर्गत क्षमता निर्माण और परस्पर सहयोग सत्रों के लिए जिलों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला–वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क से ग) विदेश व्यापार नीति (एफटीपी), 2023 का उद्देश्य निर्यातकों को सरकार की विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन स्कीमों के दायरे में लाकर ई–कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देना है। ई–कॉमर्स निर्यात पर एफटीपी 2023 में दिए गए विशेष महत्व के अनुरुप और जिलों को निर्यात हब बनाने के तहत जिलों में बनाए गए संस्थागत ढांचे को मजबूत करते हुए, ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों, विभिन्न संबंधित केंद्रीय और राज्य सरकार के विभागों जैसे डाक विभाग, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), बैंक, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), निर्यात संवर्धन परिषदें, स्थानीय व्यापार संघ/वाणिज्य मंडल, जिला उद्योग केंद्र आदि सहित विभिन्न हितधारकों के सहयोग से जिलों से चिन्हित किए गए सामानों के ई–कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर जिलो को निर्यात हब बनाने की पहल के अंतगर्त जिलों में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। निर्यात हब के रूप में जिलों की पहल के तहत इन कार्यक्रमों का उद्देश्य निर्यातकों/एमएसएमई को अन्य देशों में उपलब्ध विभिन्न वैश्विक प्लेटफार्मों को प्रभावी बनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्राहकों को अपने 'भारत में निर्मित' उत्पाद बेचने में सक्षम बनाना है।

(घ और ङ) विदेश व्यापार नीति 2023 के तहत अधिदेश के अनुपालन के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) देश से ई–कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ सहयोग कर रहा है। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य संभावित अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंचने में भारत के स्थानीय निर्यातकों, विनिर्माताओं और एमएसएमई को सहयोग प्रदान करने के लिए अन्य देशों में संचालित ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों को प्रभावी बनाना है। सहयोग के तहत, डीजीएफटी–क्षेत्रीय प्राधिकारियों के सहयोग से विभिन्न क्षमता निर्माण और आउटरीच कार्यकलापों को शुरू करने के लिए भारत के बाहर संचालित विभिन्न ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों द्वारा जिलों को चिन्हित किया जाएगा। इन कार्यकलापों में ई–कॉमर्स निर्यात से संबंधित एमएसएमई को शिक्षित करने और उन्हें दुनिया भर में ग्राहकों को बिक्री करने संबंधी उनकी शंकाओं और मुद्दों का समाधान करने में सक्षम बनाने पर बल दिया जाएगा। इसके अलावा, क्षमता निर्माण सत्र से एमएसएमई को अपने उत्पादों की इमेजिंग, डिजिटल कैटलॉगिंग की जानकारी प्राप्त करने में सहुलियत होगी। डीजीएफटी अपने क्षेत्रीय प्राधिकरणों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के लिए जिलों में काम करने के लिए विभिन्न ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ विमर्श कर रहा है। विभिन्न ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ सहयोग के एक भाग के रूप में, प्रायोगिक आधार पर 20 जिलों (अनुलग्नक) में सहयोग के लिए डीजीएफटी द्वारा अमेजॅन इंडिया के साथ प्रथम एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जबकि अन्य जिलों में इन प्रशिक्षण सत्रों के संचालन के लिए अन्य देशों में संचालित दूसरे ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ चर्चा जारी है।

20.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2795 के पैरा (घ) और (ङ) में संदर्भित अनुलग्नक

| क्रम संख्या | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जिलें |
|---|---|---|
| 1 | दिल्ली | दक्षिण पश्चिम |
| 2 | हरियाणा | फरीदाबाद |
| 3 | हरियाणा | पानीपत |
| 4 | पंजाब | लुधियाना |
| 5 | उत्तर प्रदेश | गौतम बुद्ध नगर |
| 6 | उत्तर प्रदेश | कानपुर नगर |
| 7 | उत्तर प्रदेश | मुरादाबाद |
| 8 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी |
| 9 | उत्तराखंड | हरिद्वार |
| 10 | उत्तर प्रदेश | मिर्जापुर |
| 11 | कर्नाटक | शहरी बेंगलुरु |
| 12 | तेलांगना | हैदराबाद |
| 13 | तमिलनाडू | मदुरै |
| 14 | पश्चिम बंगाल | हावड़ा |
| 15 | गुजरात | राजकोट |
| 16 | गुजरात | अहमदाबाद |
| 17 | महाराष्ट्र | पुणे |
| 18 | राजस्थान | जयपुर |
| 19 | राजस्थान | जोधपुर |
| 20 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर |

****